संख्याः– 08 /सत्तर–7–2021–बी0

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

लखनऊः दिनांक 11 जनवरी, 2021

उच्च शिक्षा अनुभाग–7

विषयः– संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2021 आयोजित कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 में स्थापित विश्वविद्यालय से सम्बद्ध या सहयुक्त घटक महाविद्यालयों में शिक्षण उपाधि के लिए शिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश से सम्बन्धित राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या–451/15–11–87 –03(58)/79, दिनांक 05 मई 1987, उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय (सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शिक्षा की उपाधि के लिये शिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश का विनियमन) (सातवां संशोधन आदेश, 2007) एवं (दसवां संशोधन आदेश दिनांक 10 जून, 2015) तथा अन्य सपठित संशोधित अधिनियमों के प्राविधानों के आलोक में संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2021 आयोजित कराने तथा तदोपरान्त काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश की कार्यवाही सम्पन्न कराने हेतु शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त **लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ** को एतद्द्वारा आयोजक विश्वविद्यालय नामित किया जाता है। परीक्षा शुल्क का निर्धारण नोडल विश्वविद्यालय द्वारा राज्य सरकार की सहमति से किया जायेगा।

2– इस सम्बन्ध में अनुरोध है कि उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय (सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शिक्षा की उपाधि के लिये शिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश का विनियमन) (दसवॉ संशोधन आदेश, 2015) दिनांक 10 जून, 2015 की प्राविधानित व्यवस्थानुरूप बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आयोजन हेतु निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया यथा प्रवेश हेतु विज्ञापन, प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम, शैक्षिक अर्हता, आरक्षण के सम्बन्ध में नियमानुसार समस्त अग्रेतर कार्यवाही सम्पादित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

संख्य एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1–कुलपति, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2–निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
3–समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4–अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, इंदिरा भवन, लखनऊ।
5–उच्च शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारीगण/अनुभाग।
6–गार्ड फाइल।

आज्ञा से,